Ans. (a) : अंजना देवी चौधरी का जन्म राजस्थान के सीकर जिले के श्रीमाधोपुर में एक मध्यवर्गीय अग्रवाल परिवार में हुआ था। इन्होंने 1921-24 तक मेवाड़ व बूंदी राज्यों की स्त्रियों में राष्ट्रीयता आन्दोलन तथा समाज सुधार की भावना को बढ़ावा दिया। इस दौरान गिरफ्तार होने वाली अंजना देवी पहली भारतीय महिला थी। एनी बेसेंट कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष (1917) थी।

808. संयुक्त राजस्थान का प्रथम प्रधानमंत्री कौन था?

(a) महाराजा राणा उदयभानुसिंह
(b) गोकुललाल असावा
(c) हीरालाल शास्त्री
(d) माणिक्यलाल वर्मा

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (d) – राजस्थान का एकीकरण कुल सात चरणों में हुआ। तीसरे चरण के अंतर्गत 18 अप्रैल, 1948 को राजस्थान संघ में उदयपुर के शामिल होने के बाद संयुक्त राजस्थान का निर्माण हुआ। इसकी राजधानी उदयपुर थी। माणिक्यलाल वर्मा संयुक्त राजस्थान के प्रधानमंत्री तथा गोकुललाल असावा उप-प्रधानमंत्री थे।

809. स्वतंत्रता सेनानी हीरालाल शास्त्री राजस्थान के किस जिले से थे?

(a) जयपुर (b) बीकानेर
(c) उदयपुर (d) कोटा

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (a) – स्वतंत्रता सेनानी हीरालाल शास्त्री राजस्थान के जयपुर जिले से सम्बन्धित थे। इनका जन्म 24 नवम्बर, 1899 को जोबनेर (जयपुर), राजस्थान में हुआ था। हीरालाल शास्त्री राजस्थान राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे। इन्होंने वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना की जो आज नारी शिक्षा के लिए प्रमुख राष्ट्रीय संस्था है।

810. निम्नलिखित में से कौन भूतपूर्व कोटा राज्य की स्वतंत्रता सेनानी थी?

(a) अंजना देवी (b) कमला स्वाधीन
(c) नारायणी देवी (d) शांतादेवी त्रिवेदी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) – स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली स्वतंत्रता सेनानी कमला स्वाधीन का सम्बन्ध कोटा जिले से था। 14 सितम्बर, 2022 को स्वतंत्रता सेनानी कमला स्वाधीन का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कमला स्वाधीन के पति इन्द्रदत्त स्वाधीन भी स्वतंत्रता सेनानी थें।

811. निम्न में से कौन सा मीरा बाई का जन्म स्थान है?

(a) कुडकी (b) सादड़ी
(c) मानपुरा भाखरी (d) सोजत

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – मीराबाई का जन्म 1598 ई. में पाली जिले के कुड़की गांव में दूदा जी के चौथे पुत्र रतन सिंह के घर हुआ था। इनका विवाह मेवाड़ के सिसोदिया राज परिवार में राणा उदय सिंह के भाई भोजराज से हुआ था। ये कृष्ण को पति मानकर उनकी ही आराधना करती रहती। मीरा जी के पद-दोहे व गीत कवियों द्वारा गाये जाते हैं।

812. कविराजा बांकीदास किस शासक द्वारा संरक्षित राजकवि थे?

(a) बीकानेर के सुजान सिंह
(b) जोधपुर के मानसिंह
(c) उदयपुर के भीमसिंह
(d) जयपुर के माधोसिंह

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (b) : कविराज बांकीदास आसिया (1771 ई. - 1833 ई.) जोधपुर के राजा मानसिंह द्वारा संरक्षित राजकवि थे। बांकीदास डिंगल, पिंगल, संस्कृत, फारसी आदि भाषा के आशु कवि थे। राजा मानसिंह ने इनकी विद्वता से प्रसन्न होकर 'लाख पसाव' पुरस्कार से सम्मानित किया था।

813. निम्न में से कौन महन्त प्यारेलाल हत्याकाण्ड से सम्बद्ध नहीं था?

(a) रामकरण (b) मोहनलाल जालोरी
(c) ठाकुर केसरीसिंह बारहठ (d) सोमदत्त लहरी

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : महन्त प्यारेलाल हत्याकाण्ड से मोहनलाल जालोरी सम्बद्ध नहीं थे। जून 1912 में महंत प्यारे लाल की जोधपुर में हत्या कर दी गयी थी। लेकिन रामकरन की गुप्त भाषा में लिखा पत्र प्रकट हो गया परिणामस्वरूप रामकरण, ठाकुर केसरी सिंह बारहठ, सोमदत्त लहरी, हीरालाल जालोरी को पकड़ा गया और इन क्रान्तिकारियों की 20 साल की सजा सुनाई गई थी।

814. राजस्थान में लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?

(a) मोहनलाल सुखाड़िया (b) हीरालाल शास्त्री
(c) जयनारायण व्यास (d) हरिदेव जोशी

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (c) : राजस्थान में लोकनायक के नाम से जयनारायण व्यास को जाना जाता है। स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान राजस्थान के लोगों द्वारा उन्हें यह उपाधि दी गयी। ये राजस्थान के तीसरे मुख्यमंत्री भी रह चुके है। उनके गृह नगर जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

815. पद्मश्री सम्मान 2020 प्राप्त करने वाले राजस्थान के मुन्ना मास्टर का सम्बन्ध किस क्षेत्र से है?

(a) राजनीति (b) लोकसेवा
(c) कला (d) खेल

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (c) : जयपुर के बगरू के रहने वाले भजन गायक मुन्ना मास्टर को वर्ष 2020 में पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया। ये भगवान श्रीकृष्ण और गाय पर भक्ति गीत के लिए मशहूर है। इन्होंने कवि रसखान की परम्परा को आगे बढ़ाया है। इन्होंने श्री श्याम सुरभि वंदना नाम से किताब भी लिखी है।

816. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी रतन देवी सम्बन्धित थी-

(a) जयपुर राज्य से (b) जोधपुर राज्य से
(c) अलवर राज्य से (d) उदयपुर राज्य से

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022